# बुन्देलखण्ड अभियाँत्रिकी एवं प्रौद्योगिकी संस्थान
# झाँसी

## प्रशासकीय परिषद की 37वीं बैठक के कार्यवृत्त

| | | |
|---|---|---|
| बैठक संख्या | : | 37 वीं |
| स्थान | : | सभागार (प्रथम तल)<br>डा0 ए0पी0जे0 अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय लखनऊ। |
| दिनांक | : | 16 दिसम्बर, 2021 |
| समय | : | अपराह्न : 05.00 बजे |

# बुन्देलखण्ड अभियांत्रिकी एवं प्रौद्योगिकी संस्थान, झाँसी
## की
## प्रशासकीय परिषद की 37वीं बैठक के कार्यवृत्त

बुन्देलखण्ड अभियांत्रिकी एवं प्रौद्योगिकी संस्थान, झाँसी की 37 वीं प्रशासकीय परिषद की बैठक आज दिनांक 16.12.2021 को अपराह्न 05:00 बजे माननीय अध्यक्ष प्रो0 संजय गोविन्द धांडे, पूर्व निदेशक, आई0आई0टी0, कानपुर की अध्यक्षता में डॉ0 ए0पी0जे0 अब्दुल कलाम, प्राविधिक विश्वविद्यालय, लखनऊ के सभागार (प्रथम तल) में सम्पन्न हुई।

**बैठक में निम्नलिखित सदस्यों ने भाग लिया :-**

1. मा0 प्रो0 संजय गोविन्द धांडे — अध्यक्ष
   पूर्व निदेशक, आई0आई0टी0, कानपुर
   58, ब्यूना मोन्टे पंचवटी, पाशन
   पुणे-411008

2. श्री कृपा शंकर सिंह — उपाध्यक्ष (प्रतिनिधि, प्रमुख सचिव प्राविधिक शिक्षा)
   विशेष सचिव
   प्राविधिक शिक्षा उ0 प्र0 शासन,
   लखनऊ

3. श्री रामकृपाल बिन्द — सदस्य (प्रतिनिधि, अपर प्रमुख सचिव वित्त विभाग)
   अपर निदेशक
   कोषागार, झॉसी मण्डल
   झॉसी

4. प्रो0 विनीत कंसल — सदस्य
   माननीय कुलपति
   डॉ0 ए0पी0जे0 अब्दुल कलाम
   प्राविधिक विश्वविद्यालय, सेक्टर-।।
   जानकीपुरम विस्तार योजना, लखनऊ

5. प्रो0 डी0 सी0 श्रीवास्तव — सदस्य (प्रतिनिधि, निदेशक, आई0आई0टी, रुड़की)
   प्रोफेसर
   भू-विज्ञान विभाग
   आई0आई0टी0
   रुड़की

Palandey  Dhande

6\. ई० के० राम० — सदस्य
संयुक्त निदेशक
प्राविधिक शिक्षा, उ० प्र०
कानपुर
(प्रतिनिधि, इं० मनोज कुमार, निदेशक, प्राविधिक शिक्षा, लखनऊ)

7\. प्रो० शिशिर सिन्हा (ऑनलाइन उपस्थित) — सदस्य
प्रोफेसर एंव विभागाध्यक्ष
कैमिकल इंजीनियरिंग विभाग
आई०आई०टी०, रूड़की

8\. प्रो० रचना अस्थाना — सदस्य
निदेशक
ए०आई०टी०एच०, कानपुर

9\. प्रो० एस० के० अवस्थी — सदस्य
पूर्व निदेशक
बी०आई०ई०टी०, झाँसी

10\. डा० टी० सी० शमी — सदस्य
वैज्ञानिक–जी
अपर निदेशक, (सेवानिवृत्त)
डी०एम०एस०आर०डी०ई०, कानपुर

11\. प्रो० एस० पी० चौरसिया — सदस्य
प्रोफेसर
कैमिकल इंजीनियरिंग विभाग
एम०एन०एन०आई०टी०
जे०एल०एन० मार्ग, जयपुर

12\. प्रो० पुलक एम० पाण्डेय — सदस्य सचिव
निदेशक
बी०आई०ई०टी०, झाँसी

**जो सदस्य उपस्थित न हो सके :–**

1\. प्रो० अभय करंदीकर — सदस्य
निदेशक, आई०आई०टी०, कानुपर
(पत्र के माध्यम से अवगत कराया कि अन्य कार्यों में व्यस्तता के कारण उपस्थित होने में असमर्थता व्यक्त की)

2\. प्रो० आर० ए० गुप्ता — सदस्य
माननीय कुलपति
राजस्थान प्राविधिक विश्वविद्यालय, कोटा



PKPandey Bhandi

3. प्रो० आर० पी० सिंह
पूर्व निदेशक
एच०बी०टी०आई०, कानपुर
सदस्य

4. इं० मनोज कुमार सचान
चीफ जनरल मैनेजर
पारीक्षा थर्मल पावर प्रोजेक्ट, झाँसी
सदस्य

**37.01 प्रशासकीय परिषद की दिनांक 04 जून, 2021 को सम्पन्न हुई 36वीं बैठक के कार्यवृत्त का पुष्टिकरण।**

प्रशासकीय परिषद ने 36 वीं बैठक जो दिनांक 04 जून, 2021 को सम्पन्न हुई के कार्यवृत्त की पुष्टि की।

**37.02 प्रशासकीय परिषद की दिनांक 04 जून, 2021 को सम्पन्न हुई 36वीं बैठक मे लिए गये निर्णयों पर कृत कार्यवाही के विवरण से परिषद को अवगत कराना।**

प्रशासकीय परिषद की दिनांक 04 जून, 2021 को सम्पन्न हुई 36 वीं बैठक में लिये गये निर्णयों पर कृत कार्यवाही से परिषद अवगत हुई एंव परिषद ने कृत कार्यवाही पर संतोष व्यक्त किया।

**37.03 संस्थान मे वर्तमान मे कराये जा रहे निर्माण कार्यो, भविष्य मे प्रस्तावित निर्माण कार्य परिषद के समक्ष अवलोकनार्थ/विचारार्थ प्रस्तुत।**

वर्तमान मे संस्थान में कराये जा रहे निर्माण कार्य जो उत्तर प्रदेश सरकार की कार्यदायी संस्थाओं द्वारा किये जा रहे हैं से प्रशासकीय परिषद द्वारा निर्माण कार्यो की प्रगति पर असंतोष व्यक्त किया गया। परिषद द्वारा निर्देशित किया गया कि संस्थान में चल रहे समस्त निर्माण कार्यो को दी गई समयावधि में पूर्ण करा लिया जाये एंव भविष्य में यदि कार्यदायी संस्था द्वारा निर्माण कार्य समय पर पूर्ण नही किये जाते तो हैं तो कार्यदायी संस्था पर नियमानुसार अर्थदण्ड लगाया जाये एंव अर्थदण्ड लगाये जाने का प्राविधान संस्था द्वारा अनुबन्ध शर्तो में अवश्य सम्मिलित किया जाये।

**37.04 संस्थान की प्रशासकीय परिषद का अध्यक्ष मनोनीत किये जाने से परिषद को अवगत कराया जाना।**

माननीय प्रो0 संजय गोविन्द धांडे, पूर्व निदेशक, आई0आई0टी0, कानपुर द्वारा दिनांक 01.11.2021 को अध्यक्ष, प्रशासकीय परिषद, बुन्देलखण्ड अभियाँत्रिकी एवं प्रौद्योगिकी संस्थान, झाँसी के पद पर कार्यभार ग्रहण कर लिया गया है। उक्त से प्रशासकीय परिषद अवगत हुई एंव प्रो0 संजय गोविन्द धांडे का सभी सदस्यों ने स्वागत किया।

**37.05 ए0के0टी0यू0, लखनऊ द्वारा वित्त पोषित पंडित दीन दयाल उपाध्याय तकनीकी शिक्षा गुणवत्ता सुधार कार्यक्रम के अन्तर्गत संस्थान के विकास एवं सुदृढ़ीकरण कार्यों का विवरण परिषद के अवलोकनार्थ/ अनुमोदनार्थ प्रस्तुत।**

ए0के0टी0यू0, लखनऊ द्वारा वित्त पोषित पंडित दीन दयाल उपाध्याय तकनीकी शिक्षा गुणवत्ता सुधार कार्यक्रम के अन्तर्गत संस्थान में कराये जा रहे कार्यों से प्रशासकीय परिषद अवगत हुई एंव परिषद द्वारा निर्देशित किया गया कि समस्त कार्य निर्धारित समयावधि में पूर्ण करा लिये जाये।

**37.06 संस्थान छात्रों का प्लेसमेन्ट बढ़ाये जाने सम्बंधी की जा रही कार्यवाही की प्रगति परिषद के अवलोकनार्थ प्रस्तुत।**

छात्रों के प्लेसमेन्ट के सम्बन्ध में परिषद को अवगत कराया गया जिस पर परिषद ने संतोष व्यक्त किया एंव परिषद द्वारा निर्देश दिया गया कि संस्थान के छात्रों के प्लेसमेन्ट की संख्या को उत्तर प्रदेश के अन्य संस्थानों के प्लेसमेन्ट संख्या से तुलनात्मक अध्ययन कर आगामी प्रशासकीय परिषद की बैठक में संस्थान के प्रभारी, ट्रेनिंग एंव प्लेसमेन्ट द्वारा प्रशासकीय परिषद के समक्ष प्रस्तुत किया जायेगा।

**37.07 संस्थान मे संचालित पाठ्यक्रमों के एन0बी0ए0 एक्रीडिटेशन हेतु किये जा रहे कार्यों की प्रगति परिषद के समक्ष अवलोकनार्थ/विचारार्थ प्रस्तुत।**

परिषद एन0बी0ए0 एक्रीडिटेशन के लिये किये गये प्रयासों से अवगत हुई। मैकेनिकल इंजीनियरिंग विभाग का एक्रीडिटेशन दिनांक 30.06.2022 को समाप्त हो रहा है। उक्त के कम मे प्रशासकीय परिषद द्वारा निर्देशित किया गया कि संस्थान द्वारा अपने स्तर से नवीनीकरण कराये जाने से सम्बंधित कार्यवाही अवश्य करा ली जाये।

**37.08 संस्थान की प्रशासकीय परिषद द्वारा नामित किये जाने वाले प्रस्तावित सदस्यों की सूची परिषद के विचारार्थ/ अनुमोदनार्थ प्रस्तुत।**

परिषद द्वारा सोसायटी रूल्स के बिन्दु संख्या-7(X) में वर्णित "Two Professors to be nominated by the Board for one year by rotation in order of seniority" प्राविधान के अन्तर्गत निम्न संकाय सदस्यों को एक वर्ष हेतु प्रशासकीय परिषद के सदस्य के रूप में नामित किये जाने पर अपनी सहमति प्रदान की पूर्व में उक्त व्यवस्था के अन्तर्गत नामित सदस्यों प्रो0 संजय अग्रवाल,



P. Pandey    Bhandi

प्रोफेसर मैकेनिकल इंजीनियरिंग विभाग एंव प्रो0 विक्रम सिंह, प्राफेसर, प्रयुक्त विज्ञान एंव मानविकी विभाग के द्वारा सदस्य के रूप में दी गयी सेवायें सराहनीय रही।

| क.सं. | नामित अवधि | परिषद के सदस्य के रूप में नामित किये जाने वाले संस्थान के दो प्रोफेसर |
|---|---|---|
| 1. | 01 वर्ष हेतु | प्रो0 अभय कुमार वर्मा<br>सिविल इंजीनियरिंग विभाग<br>बी0 आई0 ई0 टी0, झाँसी। |
| 2. | | प्रो0 एन0 पी0 यादव<br>मैकेनिकल इंजीनियरिंग विभाग<br>बी0 आई0 ई0 टी0, झाँसी। |

37.09 **संस्थान की केन्द्रीय क्रय समिति हेतु प्रशासकीय परिषद द्वारा सदस्य नामित किये जाने का प्रस्ताव परिषद के समक्ष अवलोकनार्थ/ अनुमोदनार्थ प्रस्तुत।**

परिषद द्वारा संस्थान के बायलॉज के बिन्दु 29(b) मे वर्णित The senior member of the faculty to be nominated by the Board of Governors प्राविधान के अन्तर्गत संस्थान के प्रो0 दीपक नगरिया प्रोफेसर एवं विभागाध्यक्ष इलेक्ट्रानिक्स एण्ड कम्यूनिकेशन विभाग को केन्द्रीय क्रय समिति के सदस्य के रूप मे नामित किया गया।

P. Pandey    S. Khandri

**7.11 संस्थान हेतु इनोवेशन एण्ड स्टार्टअप पोलिसी 2020 फार स्टूडेन्ट एण्ड फैकल्टी परिषद के विचारार्थ/ अनुमोदनार्थ प्रस्तुत।**

संस्थान में चल रहे इनोवेशन एण्ड स्टार्टअप पोलिसी 2020 फार स्टूडेन्ट एण्ड फैकल्टी, के अर्न्तगत संस्थान में इनक्युवेशन सेन्टर की स्थापना हेतु, डॉ ए0 पी0 जे0 अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय, लखनऊ से प्राप्त रू 50 लाख, के उपरान्त संस्थान द्वारा स्थापना हेतु कराये जा रहे कार्यो पर परिषद द्वारा संतोष व्यक्त किया गया।

**37.12 संस्थान के रिक्त शैक्षणिक पदों पर संविदा पर संकाय सदस्यों को चयनित किये जाने का प्रस्ताव परिषद के समक्ष विचारार्थ/ अनुमोदनार्थ प्रस्तुत।**

परिषद संस्थान द्वारा शासन को संस्थान के संकाय सदस्यों के रिक्त पदों पर संविदा (कोन्ट्रेक्चुअल) पर नियुक्ति के सम्बन्ध में भेजे गये प्रस्ताव से अवगत हुई एवं संस्थान मे चार प्रकार के संविदा शिक्षकों की नियुक्ति हेतु सलंग्नक–A प्रस्ताव पर निम्न परिवर्तन के साथ परिषद द्वारा स्वीकृति इस शर्त के साथ प्रदान की गई कि, जब संविदा शिक्षकों के सम्बंध मे शासन स्तर से यदि कोई अन्य व्यवस्था सम्बंधी आदेश प्राप्त होता है, तो उक्त व्यवस्था स्वतः समाप्त हो जायेगी एवं नई व्यवस्था लागू कर दी जायेगी।

**A. For Engineering Department**

1. a. Assistant Professor (Contractual) with B.Tech and M.Tech : Rs 55000-60000/-pm

   b. Assistant Professor (Contractual) with B.Tech, M.Tech and Ph.D. or B.Tech, M.Tech with minimum 3 years of experience : Rs 65000-70000/-pm

2. Associate Professor (Contractual) with B.Tech, M.Tech and Ph.D. with minimum 5 years of experience or B.Tech, M.Tech with minimum 8 years experience : Rs 70000-75000/-pm

**B. For MBA Department**

1. a. Assistant Professor (Contractual) with MBA : Rs 55000-60000/-pm

   b. Assistant Professor (Contractual) with MBA and PhD or MBA with minimum 3 years of experience : Rs 65000-70000/-pm

2. Associate Professor (Contractual) with MBA and PhD with minimum 5 years experience or MBA with minimum 8 years of experience: Rs 70000-75000/-pm

C. **For Applied Science and Humanities Department**

1. a. Assistant Professor (Contractual) with PhD in Applied Science & Humanities : Rs 55000-60000/-pm

   b. Assistant Professor (Contractual) with PhD in Applied Science & Humanities with minimum 5 years of experience : Rs 65000-70000/-pm

2. Associate Professor (Contractual) with PhD in Applied Science & Humanities with minimum 7 years of experience : Rs 70000-75000/-pm

3. Adjunct Faculty in all departments: As per AICTE norms.

4. Emeritus Professor in all departments : The emeritus professor will be a retired professor with excellent academic and research contribution or retired persion from industry with equivalent position.

37.13 **कैरियर एडवांसमेन्ट स्कीम (सीएएस) के अन्तर्गत पूर्व में प्रोन्नति पाये कतिपय शिक्षकों की प्रोन्नति मे समयावधि सम्बंधी प्रकरण का प्रस्ताव परिषद के विचारार्थ/ अनुमोदनार्थ प्रस्तुत।**

प्रशासकीय परिषद की 36 वीं बैठक के बिन्दु संख्या 36.13 के कम में संस्थान के कतिपय संकाय सदस्यों की प्रोन्नति की तिथि को ए0आई0सी0टी0ई0 के पत्रांक P&AP/Public Notice/CAS/571/2021 दिनांक 05.08.2021 के पब्लिक नोटिस के कम में सुधार किये जाने हेतु संस्थान के निदेशक महोदय द्वारा एक समिति का गठन किया गया था। गठित समिति द्वारा बैठक कर उपलब्ध करायी गयी संस्तुतियाँ परिषद के समक्ष प्रस्तुत की गयी। परिषद द्वारा उक्त समिति की संस्तुतियों (संलग्नक-B) पर अपनी स्वीकृति प्रदान की गई।

37.14 **संस्थान के निदेशक के पद पर प्रो0 पुलक एम0 पाण्डेय की हुई नियुक्ति से परिषद को अवगत कराना।**

प्रशासकीय परिषद अवगत हुई कि, प्रो0 पुलक एम0 पाण्डेय ने दिनांक 28.08.2021 को संस्थान मे निदेशक के पद पर कार्यभार ग्रहण कर लिया है। साथ ही शासन के पत्र संख्या 1694/सोलह-1-2021-343/90टी0सी0-4 दिनांक 07.09.2021 द्वारा प्राप्त निर्देश के कम मे प्रो0 पुलक मोहन पाण्डेय को उनकी कार्यभार ग्रहण करने की अवधि को दिनांक 31.08.2021 तक विस्तारित करने की प्रार्थना को कार्योत्तर स्वीकृति सहर्ष प्रदान की गयी। उक्त बिन्दु पर चर्चा के दौरान प्रो0 पुलक एम0 पाण्डेय द्वारा बैठक में भाग नही लिया गया।

Palandey    Bhandi

37.17 **संस्थान मे पॉँच दिन का कार्य सप्ताह घोषित किये जाने का प्रस्ताव परिषद के समक्ष विचारार्थ/ अनुमोदनार्थ प्रस्तुत।**

परिषद द्वारा संस्थान में पॉच दिन का कार्य सप्ताह घोषित किये जाने पर डा0 ए0 पी0 जे0 अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय, लखनऊ के 06 दिवसीय कार्य सप्ताह के दृष्टिगत, सहमति प्रदान नही की गई।

## 27.18 प्रशासकीय परिषद की विगत बैठकों के लम्बित प्रकरण परिषद के अवलोकनार्थ/ विचारार्थ प्रस्तुत।

प्रशासकीय परिषद की 26 वीं बैठक के मद संख्या 26.13 के सम्बन्ध में प्रशासकीय परिषद द्वारा निर्देश दिये गये कि ग्रहकर के भुगतान हेतु धनराशि शासन से प्राप्त कर नगर निगम झाँसी को भुगतान की कार्यवाही की जाये।

प्रशासकीय परिषद की 26 वीं बैठक के मद संख्या 26.15 के प्रकरण के सम्बन्ध में डा0 संतोष कुमार साहू, प्रयोगशाला सहायक के सम्बन्ध में समस्त दस्तावेज माननीय अध्यक्ष, प्रशासकीय परिषद के समक्ष प्रस्तुत किये जायेगें एंव परिषद द्वारा माननीय अध्यक्ष, प्रशासकीय परिषद को निर्णय लेने हेतु अधिकृत किया।

प्रशासकीय परिषद की 26 वीं बैठक के मद संख्या 26.17 के सम्बन्ध में सोलर पैनल लगाये जाने सम्बन्धित कार्य डा0 दीनदयाल उपाध्याय गुणवत्ता सुधार कार्यक्रम के अर्न्तगत कराये जाने पर परिषद द्वारा सहमति प्रदान की गई।

प्रशासकीय परिषद की 27 वीं बैठक के मद संख्या 27.04 के सम्बन्ध में परिषद द्वारा संस्थान को प्राविधिक विश्वविद्यालय (आवासीय) के रूप में उच्चीकृत किये जाने के प्रस्ताव को प्रशासकीय परिषद की आगामी बैठक में प्रस्तुत करने हेतु, निर्देशित किया गया।

37.20 **अध्यक्ष महोदय की अनुमति से किसी अन्य विषय पर विचार एवं स्वीकृति।**

मा0 अध्यक्ष महोदय द्वारा यह मत स्थिर किया गया कि संस्थान देश एंव प्रदेश के तकनीकी शिक्षण कार्य में गुणवत्ता लाने हेतु एक परास्नातक कोर्स एम0टेक0 (टेकनिकल एजुकेशन) को भी भविष्य में प्रारम्भ करेगा।

P Pandey
30.12.2021

**प्रो0 पुलक मोहन पाण्डेय**
सदस्य सचिव, प्रशासकीय परिषद
एवं
निदेशक, बी0आई0ई0टी0, झाँसी

**मा0 अमृत अभिजात**
उपाध्यक्ष, प्रशासकीय परिषद
बी0आई0ई0टी0, झाँसी
एवं
प्रमुख सचिव
प्राविधिक शिक्षा
उ0 प्र0 शासन, लखनऊ

**प्रो0 संजय गोविन्द धांडे**
अध्यक्ष, प्रशासकीय परिषद
बी0आई0ई0टी0, झाँसी